आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.12.2019

अंतर–विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता–2019 का फाइनल मुकाबला एमसीएफ फुटबॉल एकेडमी ने जीता

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में अंतर विभागीय 7 ए साईड फुटबॉल प्रतियोगिता–2019 दिनांक 02.12.2019 से दिनांक 04.12.2019 के बीच आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पीएफए एवं खेल–कूद संघ/प्रेसिडेंट, आरेडिका श्री आर. के. मनोचा द्वारा किया गया था ।

इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज दिनांक 04.12.2019 को एडमिन ब्लॉक एवं एमसीएफ फुटबॉल एकेडमी, आरेडिका के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता मे एडमीन ब्लॉक की टीम को 3–0 से हरा कर एमसीएफ फुटबॉल एकेडमी टीम ने अंतर विभागीय 7 ए साईड फुटबॉल प्रतियोगिता–2019 जीता।

इस प्रतियोगिता में एमसीएफ फुटबॉल एकेडमी की टीम की ओर से खेलते हुए आदित्य सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला गोल किया एवं आदित्य के सहयोग से अमन द्वारा 2 गोल किए गये जिसके फलस्वरूप एमसीएफ फुटबॉल एकेडमी की टीम 3–0 से विजयी हुई।

इस अवसर पर सीपीएम एवं सचिव खेल–कूद संघ, आरेडिका संजय कुमार कटियार ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। उप विजेता एडमीन ब्लॉक की टीम को सीएमई/एसडी महेश अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए आदित्य सिंह को मैन ऑफ द टुर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया।

सचिव खेल–कूद संघ संजय कुमार कटियार ने विजेता एवं उप विजेता टीम को आगे के लिए शुभकामनायें दी एवं अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से कर्मचारियों के स्वास्थ्य, मनोरंजन व बच्चों के मन में खेल के प्रति रूचि को बढ़ाता है। कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के और भी आयोजन करवाने का आश्वासन दिया एवं सभी कर्मचारी दर्शकों को उनके उत्साहवर्धन के लिए धन्यवाद दिया।

अमित 04/12/19.

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी